एक नजर में

बच्चों मे कुपोषण उन्मूलन हेतु स्वस्थ्य शिशु प्रतियोगिता

इंदौर . बच्चों मे कुपोषण उन्मूलन पश्चात् स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन शुभदीप आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में सम्पन्न हुआ . जिलाधीश शिवम वर्मा मुख्य अतिथि व वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सोजतिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे . कार्यक्रम की अध्यक्षता आनन्द सोजतिया ने की इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परियोजना अधिकारी रजनीश सिन्हा ने उपस्थित होकर सभी के साथ अपने विचार भी रखे . संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती मनीषा सोजतिया ने जानकारी देते हुये बताया कि, स्वस्थ्य शिशु प्रतियोगिता उपरांत स्वस्थ्य-शिशु एवं माता-पिता को उपहार एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा जिसमे जन सामान्य मे जागरूकता का प्रसार हो सके और बच्चों को कुपोषण से मुक्त किया जा सके . इस हेतु संस्थान विगत कई वर्षों से लगातार प्रयासरत् है और इससे क्षेत्र मे कुपोषित बच्चों मे लगातार कमी हुई है और स्वस्थ्य वृद्धि दर बढी है . कार्यक्रम मे संस्थान के प्रभारी प्राचार्य डॉ . अखिलेश श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी का आभार माना .

पालदा बारदान मंडी में सडक निर्माण का भूमि पूजन

इंदौर . इंदौर बारदान मर्चेंट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पालदा स्थित 11 एकड़ भूमि पर बसी बारदान मंडी में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक मधु वर्मा के विशेष आतिथ्य में सड़क निर्माण, ड्रेनेज लाइन एवं वाटर लाइन के निर्माण कार्य का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन सम्पन्न हुआ . बारदान एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाशचन्द्र मोदी, सचिव देवेन्द्र राय, निर्माण समिति के प्रमुख सुनील बद्रुका, विजय आहूजा, दीपू मोदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील बद्रुका ने किया . इस अवसर पर अजय सिलावट, गोपाल खुशलानी, प्रमोद द्विवेदी, अशोक मारवाड़ी, अंकित राय, मोहन सिसोदिया, राहुल साहू, सुशील सोनकर एवं सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के व्यापारी बधुओं एवं नागरिकों ने महापौर एवं विधायक का पुष्पमालाओं से स्वागत किया . महापौर एवं विधायक ने निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए .

कविता से प्रस्तुत की देश की दशा और दिशा

इंदौर . अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया अधिकारी समन्वय समिति के द्वारा संचालित समाज सेवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के चुनिंदा कवि और शायरों ने देश की समस्याओं और संवेदनाओं संबंधी विभिन्न विषयों को लेकर बहुत ही प्रभावी रचनाएं प्रस्तुत की . त्रिपुरारीलाल शर्मा ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए विकास के नाम पर आम आदमी को हो रही असुविधाओं को परिभाषित करते हुए एक गजल रखी . वरिष्ठ गजलकार बालकराम शाद ने अपनी बात को गजल में रखा . मालवी भाषा साहित्य में अपनी खास पहचान बना चुके श्री ओमप्रकाश जोशी बब्बू ने अपनी रचनाओं पर खूब दाद बटोरी . डा . इसरार मोहम्मद ख़ान ने अपनी बात रखी . अपनी माइक्रो आर्ट के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार डॉ अशोक कुमार गर्ग असर ने दो बहुत ही प्रभावी गजल प्रस्तुत की . शहर के प्रतिष्ठित व्यंग्यकार, लेखक और कवि सुरेश उपाध्याय ने अपनी व्यंग्य शैली में पानी पर रचना सुनाई तो श्रोता वाह वाह कर उठे . बीएल तिवारी ने इस अवसर पर एक लघुकथा कसावट और जाम शब्द के विभिन्न अर्थों को समझाते हुए एक लेख पढ़ा . सुरेश रायकवार ने मेरा शहर अब स्मार्ट हो रहा है और बॉलीवुड की थाली शीर्षक से कविताएं प्रस्तुत की गई . कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय रांगनेकर ने भी समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले भविष्यफल पर एक रोचक हास्यव्यंग्य की रचना पढ़कर श्रोताओं को गुदगुदाया . संचालन श्याम पाण्डे ने किया . आभार संस्था सचिव सुबोध भौंरास्कर द्वारा किया गया . इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री जाटव और श्री कापड़नीस भी उपस्थित रहे .

गुरु पूर्णिमा उत्सव पर गो माता का पूजन किया

इंदौर . श्री मारुति पंचमुखी हनुमान मन्दिर नावघाट, बड़वाह पर गुरु पूर्णिमा उत्सव महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में मनाया गया . भक्तों ने गुरु का पाद पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि नामदान कार्यक्रम के पूर्व गोमाता का पूजन किया और भोग कराया।नर्मदा मैय्या को चुनरी ओढाई गई। कार्यक्रम में हरिओमा नंदजी, रामेश्वरजी, धर्मेंद्र ठाकुर, रानी केवट विशेष रूप से मौजूद थे। उत्सव का समापन महाप्रसादी से हुआ .

रातभर सड़कों पर पुलिस का पहरा, 370 बदमाशों पर शिकंजा

कॉम्बिंग गश्त में 163 वारंटी गिरफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 138 चालक भी पकड़े

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने देर रात से सुबह तक एक साथ सभी थाना क्षेत्रों में बड़ा चेकिंग अभियान चलाया. कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 370 से अधिक आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई की, लंबे समय से फरार चल रहे 163 वारंटियों को पकड़ा और शराब पीकर वाहन चलाने वाले 138 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की.

अभियान के दौरान चारों जोन की पुलिस टीमें एक साथ सड़कों पर उतरीं. संवेदनशील इलाकों, अपराध प्रभावित क्षेत्रों, होटल, ढाबों, लॉज और रैन बसेरों की जांच की गई. पुलिस की अचानक हुई इस कार्रवाई से देर रात सक्रिय रहने वाले बदमाशों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया. कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने 51 स्थाई वारंट, 38 गिरफ्तारी वारंट और 74 जमानती वारंट तामील कराए. इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई. एरोड्रम थाना पुलिस ने एक बदमाश को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया. पुलिस ने निगरानी बदमाशों की गतिविधियों की जानकारी जुटाने के साथ उनके डोजियर भी तैयार कराए.

यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी...

अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह विशेष अभियान चलाया था. फरार वारंटियों, बदमाशों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी.

एडिशनल डीसीपी, अमरेंद्र सिंह

अपराध छोड़ने की हिदायत देते हुए कई बदमाशों को नोटिस जारी किए गए. अभियान के दौरान ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी गई और पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया.

जावेद मंसूरी हत्याकांड : कॉल डिटेल, सीसीटीवी और डीएनए साक्ष्य से साबित हुई साजिश

नव भारत न्यूज

इंदौर. चर्चित जावेद मंसूरी हत्याकांड में अदालत ने पत्नी रुखसाना, उसके प्रेमी सद्दाम हुसैन और सहयोगी शाकिर खान को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया है. मामले में पेश मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन, होटल के सीसीटीवी फुटेज, डीएनए रिपोर्ट और शव बरामदगी जैसे वैज्ञानिक एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य फैसले का अहम आधार बने.

मामले की शुरुआत जावेद मंसूरी की गुमशुदगी से हुई थी. 21 अप्रैल 2023 को जावेद घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. अगले दिन पत्नी रुखसाना ने चंदन नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी. सुनवाई के दौरान अभियोजन ने बताया कि जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर जावेद की हत्या की साजिश रचे जाने की बात सामने आई. अभियोजन के अनुसार, जावेद के लापता होने वाले दिन रुखसाना और सद्दाम होटल में ठहरे थे. होटल के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन सहित अन्य साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए. अभियोजन के मुताबिक, सद्दाम की निशानदेही पर जावेद का शव बरामद किया था. इसके बाद डीएनए रिपोर्ट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, होटल रिकॉर्ड और मोबाइल डेटा जैसे साक्ष्यों को अदालत के समक्ष रखा गया. कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि पेश किए परिस्थितिजन्य और वैज्ञानिक साक्ष्यों की कड़ी से आरोपियों की भूमिका साबित होती है. अदालत ने रुखसाना और सद्दाम के संबंधों को हत्या की वजह मानते हुए तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया. सद्दाम हुसैन और शाकिर खान को साक्ष्य मिटाने का भी दोषी माना गया.

एमवाय अस्पताल से मानसिक अस्वस्थ महिला लापता

इलाज के दौरान बिना बताए निकली, रतलाम से आई थी महिला

नव भारत न्यूज

इंदौर. एमवाय अस्पताल में उपचार करा रही मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है. महिला के अस्पताल से चले जाने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर संयोगितागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है.

रतलाम जिले के शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम कालाखेत निवासी हुमली बाई पति रामकिशन मानसिक परेशानी के चलते एमवाय अस्पताल में इलाज करा रही थी. 18 जुलाई को वह अस्पताल परिसर से अचानक कहीं चली गई.

महिला के गायब होने के बाद परिजनों ने अस्पताल और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे कैमरों सहित अन्य माध्यमों से महिला की जानकारी जुटा रही है.

पत्नी की आत्महत्या मामले में पति पर केस दर्ज

- दूसरी महिला से संबंध और मायके से रुपए लाने के दबाव का आरोप
- बेटी बोली- मां को अस्पताल में भी नहीं मिलने दिया

नव भारत न्यूज

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया है. मृतका की बेटी ने आरोप लगाया है कि पति के दूसरी महिला से संबंध थे और वह मायके से रुपए लाने के लिए पत्नी पर दबाव बनाता था. लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

सुदामा नगर में रहने वाली तनु पाठक ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसकी मां अमिता पुरोहित ने 18 जुलाई को जहरीला पदार्थ खा लिया था. हालत बिगड़ने पर उन्हें सुयश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान अगले दिन उनकी मौत हो गई. तनु ने आरोप लगाया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद जब वह अस्पताल पहुंची तो उसके पिता ललित पुरोहित ने उसे मां से मिलने तक नहीं दिया. शिकायत में उसने बताया कि पिता निवासी सबनीशबाग के किसी अन्य महिला से संबंध थे और इसी बात को लेकर वह मां को मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करते थे. बेटी ने पुलिस को बताया कि पति लगातार मायके से रुपए लाने का दबाव बनाता था. रुपए की मांग पूरी करने के लिए उसके नाना कैलाश चंद्र टपरावत ने 19 फरवरी 2018 को भारतीय स्टेट बैंक के चेक के माध्यम से ललित पुरोहित के खाते में दो लाख रुपए भी ट्रांसफर किए थे. इसके बाद भी रुपए की मांग जारी रही और विरोध करने पर अमिता के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया. जांच के दौरान मृतका के मायके पक्ष के लोगों के बयान भी दर्ज किए गए. शिकायत और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर एमजी रोड पुलिस ने पति ललित पुरोहित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जांच की जा रही है...

मृतका की बेटी की शिकायत और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है . मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है .

– **एमजी रोड थाना प्रभारी**, विजय सिहं सिसौदिया

जीवन की फोटो गैलरी में नकारात्मकता को डिलिट करें

ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में यात्री कृपया ध्यान दें थीम पर संस्थान से जुड़े भाई बहनों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया.

इस अवसर पर मुंबई, बोरीवली से यातायात परिवहन प्रभाग की राष्ट्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने विस्तार से सभी को जीवन में सफर और अपने जीवन सफर, दोनों को सुहाना, सुखद बनाने के लिए बहुत ही नए और रचनात्मक तरीके से कई टिप्स बताए. आपने बताया कि हमारे जीवन सफर में अगर हमें आगे बढ़ना है तो संगठन में रहते, एकता को अपना साथी बना लें, तो सफलता निश्चित है। जैसे किसी भी यात्रा के दौरान रास्ते में उतार-चढ़ाव आना स्वाभाविक है, इसी तरह जीवन सफर में भी कई प्रतिकूल परिस्थितियाँ आती हैं लेकिन उस समय भी हम अपने मन को कूल अर्थात् शांत रखें क्योंकि परेशान मन से कभी कोई हल नहीं निकल पाता. जितना हम अपने स्वभाव को सरल बनाते हैं उतना हम स्वत: ही सभी के प्रिय बन जाते हैं. जैसे यात्राओं पर जाते समय हम केवल अच्छे दृश्यों को ही अपने कैमरे की फोटो गैलरी में संजोते हैं, इसी तरह जीवन रूपी यात्रा में भी हम समस्याओं तथा नकारात्मक यादों को डिलीट कर केवल सुखद एवं शिक्षाप्रद यादों को बटोरें तो यह जीवन सफर बहुत आसान और यादगार बन जाएगा. मुंबई से आई वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी राकेशा बहन ने भी यात्री कृपया ध्यान दें आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का स्पष्टीकरण किया. कार्यक्रम में डॉक्टर ए. एल. शर्मा उपस्थित रहे. ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग की क्षेत्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी ने आभार माना। संचालन ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने किया.

ओंकारेश्वर से इंदौर तक कावड़ियों की सुरक्षा में पुलिस का पहरा

नव भारत न्यूज

इंदौर. श्रावण मास में निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर ग्रामीण पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है. ओंकारेश्वर से इंदौर तक कावड़ियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए खंडवा रोड पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. हादसों की रोकथाम के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है, वहीं पुलिस टीमें दिन रात गश्त कर कावड़ियों से संवाद कर रही हैं.

कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए खंडवा रोड पर भारी वाहनों के लिए डायवर्शन प्लान तैयार किया है. पुलिस बल को मार्ग पर तैनात किया गया है, जो यातायात संचालन के साथ आपात स्थिति से निपटने के लिए भी तैयार रहेगा. इसी व्यवस्था का जायजा लेने ग्रामीण डीएसपी के साथ सिमरोल थाना प्रभारी कुलदीप खत्री कावड़ियों के रुकने वाले कैंपों में पहुंचे. अधिकारियों ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया. पुलिस की टीमें रात के समय विश्राम करने वाले कावड़ियों तक पहुंचकर उनकी जरूरतों की जानकारी ले रही हैं. यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, चिकित्सा और आपातकालीन सहायता को लेकर भी इंतजाम किए हैं. इसके अलावा लोगों को यातायात नियमों और सावधानी के प्रति जागरूक करने के लिए जगह जगह बैनर लगाए हैं.

पुलिस पूरी तरह तैयार है...

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं . खंडवा रोड पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है . कावड़ियों की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है .

– डीएसपी ग्रामीण, उमाकांत चौधरी

बोल बम के जयघोष के बीच महेश्वर रवाना हुई बाणेश्वरी कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज़

इंदौर। बोल बम के जयघोष, शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रविवार को मरीमाता चौराहे से मालवांचल की सबसे बड़ी बाणेश्वरी कावड़ यात्रा को महेश्वर के लिए रवाना किया गया। भाजपा जिला प्रभारी राजेश सोलंकी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व पार्षद राजेंद्र शुक्ला सहित जनप्रतिनिधियों ने बाबा भोलेनाथ की झांकियों का पूजन कर भगवा ध्वज फहराकर यात्रा को विदाई दी।

यात्रा संयोजक विधायक गोलू शुक्ला एवं प्रभारी दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि सोमवार सुबह महेश्वर में मां नर्मदा का 101 लीटर दूध से अभिषेक, 1100 मीटर लंबी चुनरी समर्पण तथा देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद 180 किलोमीटर लंबी कावड़ यात्रा नर्मदा जल लेकर उज्जैन के लिए रवाना होगी। यात्रा में करीब तीन हजार श्रद्धालु शामिल हैं। मार्ग में भजन-कीर्तन, रामायण पाठ, पौधरोपण तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचत का संदेश दिया जाएगा। यात्रा 10 अगस्त को सावन के दूसरे सोमवार पर भगवान महाकालेश्वर के जलाभिषेक के साथ संपन्न होगी।

इलाका मेरा है कहकर युवक से मारपीट

इंदौर. सर्वहारा नगर में रंगदारी दिखाते हुए एक युवक से मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है. आरोपी ने युवक को यह कहते हुए रोका कि यह उसका इलाका है और यहां आने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. शिकायत के बाद परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.

बदमाशों ने दी धमकी

धीरज नगर निवासी जागरत सोनी किसी काम से सर्वहारा नगर की गली नंबर-3 में गया था. इसी दौरान वहां कीर्तन भाण्ड नामक युवक ने उसे रोक लिया और क्षेत्र में आने को लेकर विवाद करने लगा. आरोप है कि युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर जागरत के साथ मारपीट की और जाते जाते धमकी दी कि दोबारा यहां दिखाई दिया तो उसे जान से खत्म कर देगा. घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. पुलिस आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड की भी जानकारी जुटा रही है.

एक नजर में | दो दिवसीय गेस्ट्रो अपडेट 2 .0 का समापन

समय पर जांच, आधुनिक उपचार पद्धतियों से गंभीर बीमारियों का उपचार संभव

इंदौर . दो दिवसीय गैस्ट्रो अपडेट 2 .0 एवं आईएसजी इंदौर 2026 की वार्षिक बैठक के दूसरे एवं अंतिम दिन पीलिया, लिवर रोग, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के कारण, उनके बचाव तथा लिवर ट्रांसप्लांट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने केस स्टडीज प्रस्तुत की और चर्चा की . इसमें सामने आया कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और देर से जांच कराना आज पेट एवं लिवर संबंधी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं।

समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली और आधुनिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से अधिकांश गंभीर बीमारियों का सफल उपचार संभव है . गट क्लब इंदौर और मेदांता हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ . हरि प्रसाद यादव ने कहा अक्सर लोग पीलिया को एक सामान्य बीमारी समझकर घरेलू उपचार या झाड़-फूंक जैसी अप्रमाणित पद्धतियों का सहारा लेने लगते हैं, जबकि पीलिया कई बार लिवर, पित्त नली या वायरल संक्रमण से जुड़ी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है . आंखों और त्वचा का पीला पड़ना, गहरे रंग का पेशाब, लगातार थकान, भूख कम लगना, उल्टी या बुखार जैसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच करानी चाहिए . सही समय पर उपचार शुरू होने से लिवर को गंभीर क्षति से बचाया जा सकता है . ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ . अरुण एस . भदौरिया ने बताया कि दूसरे दिन के वैज्ञानिक सत्रों में पीलिया की सही पहचान, फैटी लिवर के नवीनतम उपचार, क्रोनिक हेपेटाइटिस-बी के प्रबंधन, लिवर ट्रांसप्लांट की वर्तमान चुनौतियों, जैसे विषयों पर विस्तृत व्याख्यान और इंटरएक्टिव केस डिस्कशन आयोजित किए गए . विशेषज्ञों ने जटिल मरीजों के उपचार से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए .

अंगदान को लेकर जागरूकता नहीं

लिवर ट्रांसप्लांट पर आयोजित एक सत्र में वरिष्ठ पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ . अजय जैन ने बताया कि भारत में हर वर्ष हजारों मरीजों को लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, लेकिन उपलब्ध डोनर्स की संख्या उसकी तुलना में बेहद कम है . डोनर और रिसीवर की संख्या के बीच यही बड़ा अंतर अनेक मरीजों के लिए जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाता है . उन्होंने कहा कि मृतक अंगदान के प्रति समाज में अभी भी पर्याप्त जागरूकता नहीं है . यदि अधिक से अधिक लोग अंगदान का संकल्प लें तो हजारों मरीजों को नया जीवन मिल सकता है .

मित्रता दिवस पर महाबैंक परिवार का मिलन समारोह संपन्न

इंदौर. मित्रता दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल कार्यालय, इंदौर में महाबैंक परिवार के बैनर तले एक विशेष मिलन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए.

समारोह में लगभग 25 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ साथियों से लेकर हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की. लगभग 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ साथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की. वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी ने पुरानी स्मृतियों को ताज़ा किया तथा आत्मीय वातावरण में मित्रता दिवस का उत्सव मनाया. कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंदौर अंचल के अंचल प्रमुख संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक की वर्तमान उपलब्धियों की मजबूत नींव पूर्व अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति पर आधारित है. उन्होंने वरिष्ठ साथियों के अनुभवों को बैंक की अमूल्य धरोहर बताया. इस अवसर पर सेवानिवृत्त साथियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए तथा बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं ग्राहक-केंद्रित बनाने के संबंध में उपयोगी सुझाव भी दिए. आभार अप अंचल प्रबंधक कुमार गौतम द्वार व्यक्त किया गया.